



## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से राजमिस्त्री की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत नींद में गाफिल राजमिस्त्री के पैर में जहरीले सर्प के डस लिया। जिससे उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली तहरीर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।
जानकारी के अनुसार खरसिया के ग्राम तुरेकेला निवासी रवि केंवट पिता सहस राम केंवट 28 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। वर्तमान में रवि अपनी पत्नी के साथ छाल क्षेत्र के ग्राम एडू में काम करने गया हुआ था। रात में वह खाना खाकर सोया था। इसी दौरान अचानक कारब 1 बजे उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के डसने से वह दर्द से कराह उठा और पत्नी को बताया कि उसके बायें पैर में सांप ने डस लिया है। इसके बाद रवि को इलाज के लिए खरसिया अस्पताल लाया गया जहां, प्रारंभिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान शरीर में जहर फैलने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 31 चालक चढ़े हत्थे

**रायगढ़।** शुक्रवार की देर रात पूरे



जिले में ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस और विभिन्न थाना क्षेत्रों की टीमों ने अभियान के दौरान शहर चौक-चौराहों, बाइपास और प्रमुख मार्गों में वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से जांच की। जिसमें 31 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। ऐसे में सभी पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, इसलिए यह अभियान विशेष रूप से त्योहार को देखते हुए चलाया गया। धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत ड्रिंक एंड ड्राइव पर 10000 रुपए तक का जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई का कठोर प्रावधान है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहार के अवसर पर जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

### अंडर 16 क्रिकेट में मिली बड़ी सफलता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की 2026 अंडर 16 क्रिकेट के संभावित खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी गई है जिसमें जिले से 5 खिलाड़ी टीम में चयनित हुए है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि रायपुर में संभावित टीम का कैंप लगाया जाएगा। जिसमें जिले से चयनित खिलाड़ी सिद्धार्थ सेन गुप्ता, युवराज यादव, अंकित मिश्रा, अंकुश कुमार एवं अनूप कुमार चौबे शामिल किए गए है। ज्ञात हो कि अंकित, अंकुश, युवराज एवं अनूप चौबे अंडर 14 टीम में भी चयनित किए गए थे। जबकि सिद्धार्थ सेन गुप्ता अंडर 16 के जिले के कप्तान थे। इन पांचों खिलाडियों के चयन पर इस शानदार सफलता पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### विपक्ष ने जिला प्रशासन पर साधा निशाना, कहा किस काम का निगम के करोड़ों का ऑडिटोरियम

# गड्ढों और कीचड़ से पटा रामलीला मैदान इस वर्ष फिर यहीं होगा चक्रधर समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गड्ढों और कीचड़ से पटे रामलीला मैदान का इस साल भी जनाजा निकलने वाला है। क्योंकि बदहाल मैदान में फिर से चक्रधर समारोह आयोजन करने की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इसे लेकर विपक्ष ने जिला प्रशासन पर निशाना साधा है। विपक्ष का कहना है कि नगर निगम द्वारा पंजरीप्लांट में करोड़ों की लागत से बनाया गया ऑडिटोरियम किस काम का है। चक्रधर समारोह यहां भी तो आयोजित किया जा सकता है, जिससे मैदान की हालत भी नहीं बिगड़ेगी और समारोह की गरिमा भी बरकरार रहेगी।

दरअसल शहर के प्रमुख रामलीला मैदान की हालत बद से बदतर हो गई है। लाखों खर्च के बाद भी मैदान की दशा में कोई सुधार नहीं हो सका है। यहां का ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होने से क्षतिग्रस्त नाली के पानी बीच मैदान में बह रहे हैं, जिससे बिन बारिश के खिलाड़ी कीचड़ में खेलने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं चारों तरफ उबड़-खाबड़ मैदान से भी खिलाड़ियों को भाग दौड़ करने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं मैदान के बीच बने गड्ढों में खिलाड़ी फंस कर गिर रहे हैं। इस मैदान के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई बार लाखों रुपए खर्च हुए, लेकिन मैदान की हालत कभी नहीं बदली। क्योंकि कभी भी सुनियोजित तरीके से मैदान के जीर्णोद्धार का काम नहीं किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस बार भी रामलीला मैदान में ही चक्रधर समारोह कराने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिससे एक बार फिर मैदान पहले से और ज्यादा बर्बाद हो जाएगा। स्थानीय लोगों की मानें तो हर बार प्रशासनिक अधिकारी समारोह समाप्त होने के बाद मैदान को संवारने की बात कहते हैं, लेकिन इसके बाद वो अपने वादे भूल जाते हैं। खिलाड़ियों की मानें तो एक तो शहर में खेल मैदान की कमी है। रायगढ़ स्टेडियम में भी गली मोहल्लों के खिलाड़ियों की मनाही है, ऐसे में वो आखिर कहां खेलने जाएंगे। जबकि विपक्ष का कहना है कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की शान है, जिसे नगर निगम के ऑडिटोरियम में भी आयोजित किया जा सकता है।

#### गैलरी में खर्च करने की तैयारी

दरअसल सालभर पहले रामलीला मैदान के गैलरी में शेड लगाने के लिए 51 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। जबकि खिलाड़ियों का कहना है कि मैदान की मिट्टी कठोर हो गई है। पहले इसे संवारा जाए, गैलरी में लाखों खर्च करने से खिलाड़ियों को क्या फायदा मिलेगा। इसके अलावा यहां के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाए। ताकि क्षतिग्रस्त नालियों का पानी मैदान में न आए और बारिश का पानी भी आसानी से नालियों के माध्यम से निकल जाए।

#### प्रशासन के दावे निकले खोखले : नेताप्रतिपक्ष

इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि कार्यक्रम तो आते और जाते रहेंगे, लेकिन खिलाड़ियों के लिए मैदान ही सब कुछ होता है। यह शान की बात होगी कि अगर करोड़ों रुपए की लागत से बने नगर निगम के इतने बड़े ऑडिटोरियम में चक्रधर समारोह होगा। कोई कलाकार आकर इस मंच पर प्रस्तुति देगा तो उसकी एक अलग ही गरिमा रहेगी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा रामलीला मैदान में ही चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाता है, जिससे पूरा मैदान बर्बाद हो जाता है। पिछले बार प्रशासन ने वादा किया था कि समारोह के बाद इस मैदान को संवार कर देंगे, लेकिन प्रशासन के दावे खोखले साबित हुए। इस शहर में खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए काम ही नहीं हो रहा है। खिलाड़ी पैदा करने के लिए आपको मैदान बनाना पड़ेगा, लेकिन यहां तो मैदान उजाड़ने का काम किया जा रहा है। पिछली बार यहां कार्यक्रम कराने से मैदान का जनाजा निकला था, इस बार फिर निकलेगा।

## अंजनी स्टील में मजदूर की हुई थी मौत, प्रबंधक पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजनी स्टील कंपनी में गत 18 जुलाई को काम करने के दौरान केनबुश तार के संपर्क में आकर करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने पाया कि श्रमिक को बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए उपेक्षापूर्वक कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में पुलिस ने कारखाना प्रबंधक को दोषी मानते हुए उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।





जानकारी के मुताबिक उज्जलपुर स्थित अंजनी स्टील कंपनी में 18 जुलाई को श्रमिक मोहम्मद हैदर अंसारी काम करने गया था। काम समाप्ती के पहले शाम करीब साढ़े 5 बजे अंजनी स्टील लिमिटेड परिसर के अंदर स्पंज आयरन डिविजल कोल केसर साईड में केन बुस तार के संपर्क में आने से वह करंट की चपेट में आ गया था। हैदर अंसारी के बायें गाल एवं पीठ पर करेंट लग गया जिससे वह बेहोश हो गया था। साथी मजदूर के साथ हादसा होने पर वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों में हडक़म्प मच गई तथा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए कम्पनी के एम्बुलेंस से केजीएच रायगढ़ लाया गया था, जहां प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस घटना पर पुंजीपथरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये उपेक्षा पूर्वक कार्य कराने जाने के कारण हैदर अंसारी की मौत हुई है तथा इसके लिएकारखाना प्रबंधक जिम्मेदार है। जांच में यह बात सामने आने पर पुलिस ने कारखाना प्रबंधक रविन्द्रनाथ प्रधान पिता स्व मुरलीधर प्रधान के विरूद्ध खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एकल विद्यालय की बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**तमनार।** थाना तमनार में एकल विद्यालय संच तमनार की बहनों आचार्यों और अंचल एसएसपीएम की उपस्थिति में 8 अगस्त शुक्रवार को पुलिस थाना तमनार में रक्षा बंधन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। एकल विद्यालय संस्था की युवतियों का कहना है कि पुलिस कर्मचारी अक्सर आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी खुशियों को दरकिनार कर देते हैं। अन्य हर वर्ग के लोगों के लिए सरकार की ओर से छुट्टियां निर्धारित की गई होती हैं। वह लोग हर त्यौहार के अपने घरों या अपने रिश्तेदारों के यहां जाते हैं। वहां अपने लोगों के साथ त्यौहार की खुशियां मनाते हैं। इसके विपरीत पुलिस जवान व हमारे सैनिक भाई अक्सर इन खुशियों के महरूम रह जाते हैं। एक ओर लोग रक्षा बंधन पर्व पर अपने बहन भाईयों के पास जाएंगे। वहां भाई अपनी बहनों से राखियां बंधवाएंगे और बहनें अपने भाई की कलाई के





राखियां बांधेंगी। इसके विपरीत पुलिस जवान इस दिन में अपने थानों व चैक पोस्टों पर हमारी व कानून की रक्षा के लिए तैनात रहते है। जिसे देखते हुए एकल विद्यालय ने कर्तव्य निष्ठा से ड्यूटी निभा रहे पुलिसवालों के साथ रक्षाबंधन त्योहार मनाने का निर्णय लिया। एकल विधालय संस्था से गीतांजली पटनायक ने विद्यालय बारे जानकारी देते हुए कहा की एकल विद्यालय में पांच गतिविधियाँ चलती हैं जैसे प्राथमिक आरोग्य, ग्राम विकास, जागरण व संस्कार उन्होंने कहा कि आज आम लोग अपने घरों में आसानी से त्योहार मना लेते हैं। लेकिन हमारी सुरक्षा करने वाले पुलिस कर्मी डाक्टर व सेना के जवान त्योहार के समय भी अपनी ड्यूटी कर हमारी रक्षा करते रहते हैं। ऐसे में सभी महिलाओं व युवतियों का कर्तव्य बनता है कि वे इन सुरक्षा कर्मियों को भाई की तरह राखी बांधे और इन्हें भी त्योहार की खुशी प्रदान करें। गीतांजलि पटनायक संच प्रमुख माधुरी चौहान, संच व्यास बाबू लाल चौहान आचार्य नरेश, पूजा शारदा, कामिनी मालती, कौशल्या, बसंती, नीलम, ममता सुमित्रा यशोदा, लक्ष्मी, बृजकुमारी, गोपिता, अंजुलता चांदनी, सुमंति, आंचल, रजनी, छाया सभी की उपस्थिति रही।

## खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जांच अभियान

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में आगामी रक्षाबंधन स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में दूध व सूखे मेवों से निर्मित मिठाइयों नमकीनों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए



जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि अभियान के तहत 7 अगस्त को रायगढ़ के अंगीठी रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते हुए अरहर दाल स्टीम राईस एवं ऑनियन ग्रेवी का नमूना संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसी तरह पुसौर के अन्नपूर्णा स्वीट्स एवं होटल का निरीक्षण कर कुन्दा मीठा खोवा एवं गोंद लड्डू और प्रधान होटल में छेना चमचम एवं बूंदी लड्डू का नमूना संकलित कर जांच हेतु भेजा गया। साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## जेल में भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला जेल में इस साल भी बड़े धूमधाम से रक्षाबंधन पर्व बनाया गया। जेल प्रबंधन द्वारा जेल में बंद भाइयों से बहनों और उनके परिजनों को मिलाया गया। जहां बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध कर प्यार जाहिर किया। इस दौरान भाई-बहन दोनों के आंखों से आंसू छलक पड़े। बहनों ने भगवान से भाइयों की जल्दी रिहाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की।

जिला जेल में 808 पुरूष व 51 महिला बंदी निरूद्ध हैं। रक्षाबंधन पर्व पर सभी बहनों को अपने भाइयों से और भाइयों को अपनी बहनों से राखी बंधवाने की अनुमित दी गई थी। यह प्रकिया शनिवार की सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चली। इस दौरान जिला जेल आने वालों को केवल राखी रक्षासूत्र और 250 ग्राम मिष्ठान लेकर आने की अनुमति दी गई थी। अन्य किसी भी वस्तु को जेल में लाने की सख्त मनाही की गई थी। यहां तक कि आरती की थाली चंदन, अक्षर का प्रबंध भी जेल प्रबंधन द्वारा किया गया था। बरसात को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रुफ पंडाल और समुचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। ताकि यहां आने वाली बहनों को कोई असुविधा न हो।

#### चुस्त-दुरूस्त थी सुरक्षा व्यवस्था

जिला जेल में इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व विशेष तैयारी और सतर्कता के साथ मनाया गया। हाल ही में कोरबा जेल से चार बंदियों के फरार हो जाने की घटना के बाद पूरे जेल प्रशासन की सतर्कता बढ़ा दी गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल व जूटमिल थाना प्रभारी को पत्र भेज कर अतिरिक्त बल की मांग भी की गई थी।

#### बंदियों के भाई-बहनों के लिए बैरिकेटिंग की व्यवस्था

कोरोना काल के बाद राज्य शासन और जेल प्रशासन ने पहली बार जेल के भीतर रक्षाबंधन पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाने का फैसला लिया है। वर्तमान में हमारे यहां साढ़े 800 से अधिक बंदी निरूद्ध हैं। यहां आने वाले बंदियों के भाई-बहनों के लिए बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। जिसमें एक प्रवेश और दूसरा निकासी द्वार बनाए गए थे। महिला बंदियों के जो भाई राखी बंधवाने के लिए आए थे उनके लिए भी अलग से व्यवस्था की गई थी।

**-जीएस शोरी,**
जेल अधीक्षक, रायगढ़











### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने बदली किस्मत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम रानीसागर निवासी लक्ष्मीकांत पटेल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर न केवल अपने घर की बिजली जरूरतें पूरी की, बल्कि बिजली उत्पादक बनकर गाँव में प्रेरणा का स्रोत भी बन गए हैं। लक्ष्मीकांत पटेल के परिवार में 6 सदस्य हैं और उनके घर में घरेलू उपकरणों के साथ साथ 3 कूलर भी हैं। पहले उनके घर का औसत बिजली बिल प्रतिमाह 800 से 920 रुपये आता था। लेकिन मार्च 2025 में उन्होंने 3 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया, जिसके बाद उनका बिजली बिल घटकर 370 रुपए प्रतिमाह रह गया।तीन महीनों में उनके सोलर प्लांट ने 780 यूनिट बिजली का उत्पादन किया।

## खबर संक्षेप

### मनमानी दर पर बेचे जा रहे स्टांप, ग्रामीण परेशान

**प्रतापपुर।** तहसील कार्यालय में स्टाप अनाप-शनाप दर पर बेचे जाने से ग्रामीण व आम उपभोक्ता परेशान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित नोटरी करण में शुल्क निर्धारित है वही पक्षकारों एवं ग्रामीणों से कई प्रकार के कार्यों में नोटरी की आवश्यकता पड़ती है जिसमें नोटरी करने का 100 से 200 लिया जा रहा है। कई बार तो ग्रामीणों से कहासुनी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्धारित नोटरी और स्टांप बिक्री में प्रदर्शित नहीं आ पा रही है वही कमीशन खोरी की वजह से छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित शुल्क से 5 गुना ज्यादा वह रजिस्ट्री कार्यों में अनाप-शनाप नोटरी करने का नाम पर ग्राहकों से शुल्क वसूला जाता है। इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि शासन के निर्धारित शुल्क से ज्यादा नोटरी या स्टांप बिक्री पर पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी और लाइसेंस कैंसिल किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाएगी।

### बांसाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**बतौली/ सेदम।** बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत बासाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली के ग्राम पंचायत साल्हयाडीह निवासी सुनील पैकरा आ. रामकुमार पैकरा ( 38 वर्ष) अपने ट्रैक्टर को लेकर ग्राम पंचायत बासाझाल के पहाड़ी क्षेत्र ग्राम कदमहुआ खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालने शाम 4 बजे गया था। फंसा ट्रैक्टर सुनील के चाचा रघुबीर पैकरा का था जिसे निकालने के बाद सुनील वापस घर जा रहा था। जैसे ही सुनील वाहन लेकर पथरीली रास्ते में पहुंचा तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर उसके चाचा रघुबीर ने गांवों वालों और परिजनों को जानकारी दी। इधर घटना की सूचना पर बतौली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक के शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली भेज दिया।

### चोर निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय से ले उड़े स्कूटी

**अम्बिकापुर।** फुन्दुरडिहारी शांतिपारा निवासी राजेश ठाकुर आ. स्व. सुरेश ठाकुर (43 वर्ष) गत दिन दोपहर लगभग 2.30 बजे निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीई 0135 से आया था। स्कूटी को खड़ा कर अंदर चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### कोरिया में ओबीसी महासभा ने मनाया मंडल दिवस

**बैकुण्ठपुर।** ओबीसी महासभा जिला कोरिया द्वारा 7 अगस्त को खरवत दुर्गा परिसर में मंडल दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि इसी दिन 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार ने बीपी मंडल आयोग की सिफारिश को मान्यता देते हुए सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी, तभी से यह दिवस ओबीसी समाज द्वारा स्मरणीय रूप से मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत बीपी मंडल के चित्र पर अगरबत्ती प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने बीपी मंडल अमर रहे। ओबीसी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए जिला महासचिव ईश्वर दयाल राजवाड़े ने मंडल के जीवन, संघर्ष और ओबीसी समाज के अधिकारों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संभागीय उपाध्यक्ष गणेश राजवाड़े, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, जिला सचिव आनंद राजवाड़े, पनिका समाज के संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन सहित काफी संख्या में समाज उपस्थित रहे।

## तीन करोड़ जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे: साय

# मुख्यमंत्री को जशपुर की दीदियों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया कैम्प कार्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित दीदियों ने राखी बांधकर आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री आवास योजना,महतारी वंदन योजना से लाभान्वित दीदियां आंगनबाड़ी, कार्यकर्ता सहायिका, और मितानिन स्व सहायता समूह की दीदियों ने राखी बांधी मुख्यमंत्री ने सभी दीदियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पवित्र त्योहार भाई और बहनों की आपसी रिश्तों और प्रतीक का त्योहार है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार के पर्व पर भाई बहनों की रक्षा का संकल्प लेती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के लगभग तीन करोड़ की जनता का आशीर्वाद हमेशा बना रहे और हम उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रहे हैं मोदी की गारंटी का मतलब वादा पूरा होने की गारंटी । मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी , उद्यान कालेज, 200 बिस्तरों का अस्पताल, और बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के कुनकुरी विकास खंड के हर्राडांड में प्रदेश का पांचवां पावर प्लांट स्टेशन बनाने की भी स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा की जशपुर के विकास के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। इस अवसर उपेन्द्र यादव, सुनील गुप्ता सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा आईजी दीपक कुमार झा,जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की दीदीयां और लाभान्वित हितग्राही महिलाएं उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री को राखी बांधती जशपुर की दीदी।


ई-रिक्शा में सफर करते मुख्यमंत्री साय।

## मुख्यमंत्री ने नए जशपुर एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के दिन मुख्यमंत्री निवास बगिया में नए जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ कर बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी के उपहारस्वरूप ई-रिक्शा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिला गिलसोनिका पाण्डे को ई-रिक्शा पर बैठकर बगिया निवास परिसर में सफर किया। ई-रिक्शा पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है, इसकी परिचालन लागत भी कम होती है। इसके माध्यम से महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में भी अपनी भूमिका निभा सकेंगी। यह महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी और वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन की बधाई और शुभकामनाएं दी ।

■ छत्तीसगढ़ के सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### महिलाएं जिले के इस रूट पर ई-रिक्शा का करेंगी परिचालन

फरसाबहार में प्रतिमा भगत द्वारा फरसाबहार -कन्दईबहार- अमडीहा-तपकरा मार्ग पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह मदनावती द्वारा लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध-समडमा -तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा द्वारा तपकरा- कन्दईबहार-तुबा- फरसाबहार मार्ग पर उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार-साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी द्वारा कोसा-दुलदुला-विपतपुर -छेरडांड पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह पार्वती साय द्वारा कोसा- दुलदुला-पतराटोली-लोरो-बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी द्वारा छेरडांड- लोरो-बम्हनी-कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड-दुलदुला-लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे द्वारा टांगरगांव- हथगडा-कांसाबेल मार्ग पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह तियासो पैंकरा द्वारा बांसबहार- दोकडा-पुसरा-खूंटीटोली -कांसाबेल मार्ग पर नीता रवानी द्वारा कटंगखार-दोकडा- बन्दरचुआ-कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकडा-छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर परिचालन करेंगी।

# बच्चों ने पेड़ों और जवानों को राखी बांधकर दिया संदेश

देव पब्लिक स्कूल एवं डी पी एस प्राइमरी बालाजी, जशपुर में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात स्कूल उप प्राचार्य एरिक सोरेंग ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन आदिवासी समुदाय की संस्कृति, परंपरा एवं उनके अधिकारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में इस दिन का विशेष महत्व है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी नृत्य, गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आदिवासी जीवनशैली, उनकी लोककथाएं, परंपराएं तथा प्रकृति के प्रति उनका जुड़ाव अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इसी के साथ, रक्षाबंधन पर्व को भी विद्यालय में पारंपरिक उत्साह एवं प्रेमभाव से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की। छात्रों ने रक्षा सूत्र बांधते हुए समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की सुंदर झलक प्रस्तुत की। विद्यालय की ओर से एक विशेष 'राखी मेकिंग प्रतियोगिता' ' का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियां और चित्रकारी ने सभी का ध्यान आकर्षित कर गईं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जयंती सिन्हा ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।


जवान को राखी बांधती छात्रा।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है। आज के दिन विद्यालय के नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चे एक राखी पेड़ के नाम लगाकर जशपुर थाना एवं जशपुर पोस्ट ऑफिस में जाकर सभी कर्मचारियों को राखी बांध उन्हें शुभकामनाएं दिया और उनके साथ समय बिताया । विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती सुनीता सिन्हा ने कहा कि यह पहल है बच्चों को समाज के सभी वर्गों के साथ जोड़ने का ताकि बच्चों के अंदर सद्भावना का विकास हो । विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि यह संयुक्त आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव बनकर उभरा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का एक सुंदर अवसर भी है ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्होंने सभी को राखी और आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बिस्तर पर सो रहा युवक जिंदा जला रायपुर ले जाते समय तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम मानी में बुधवार की तड़के में उस समय सनसनी फैल गई जब गहरी नींद में सो रहे युवक की बिस्तर में अचानक आग लग गई जिससे युवक आग में बुरी तरह झुलस गया। परिजन युवक को सूरजपुर प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर लेकर जा रहे थे तभी बिलासपुर पहुंचते उसकी मौत हो गई।

■ संदिग्ध हालत में बिस्तर में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस

जानकारी अनुसार ग्राम मानी निवासी सोपाड़ी लाल राजवाड़े आ. राजा राम राजवाड़े (40 वर्ष) रोजाना की भांति मंगलवार की रात भोजन कर अपने कमरे में सो गया और बुधवार की तड़के लगभग 3-4 बजे उठकर टहलने गया और फिर वापस आकर बिस्तर में आकर सो गया। इसी बीच जब पत्नी 5 बजे उठकर शौचालय गई उसी समय अचानक बिस्तर में आग गई। इधर पूरे बिस्तर में आग पकड़ लिया जिससे युवक को उठकर भागने तक का मौका नहीं मिला। आग की चपेट में आने से युवक शोर मचाते हुए बाहर निकला और जमीन में लेट कर किसी तरह आग बुझाई तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। घटना को देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए। पड़ोसियों ने तत्काल निजी वाहन से युवक को सूरजपुर निजी अस्पताल में में दाखिला कराया लेकिन युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर अंबिकापुर पहुंचे जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रायपुर ले कर जा रहे थे तभी बिलासपुर में उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ जाने परिजन उसे बिलासपुर हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस सूरजपुर पहुंच जहां पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।


जले बिस्तर, इनसेट में मृतक।

### आग कैसे लगी किसी को नहीं चला पता

तड़क युवक के बिस्तर में आग लगने तथा युवक के गंभीर रूप से झुलस जाने से उसकी मौत हो गई। इधर बिस्तर में कैसे आग लगी इसका पता परिजन को भी नहीं है। जबकि बिस्तर के पास न तो डिबरी या कोई ज्वनशील सामान था। मात्र एक टेबल फेन तो वह भी बिस्तर से दूर था। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने परिजन को जांच उपरांत आग लगने की वजह स्पष्ट होने का आश्वासन दिया है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर फॉरेंसिक जांच कर भौतिक साक्ष्य जब्त किया है।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, जनप्रतिनिधियों ने रास्ता खाली कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली में तहसील कार्यालय के समीप शासकीय भूमि में अतिक्रमण का मामला सामने आया है जहां अतिक्रमण करने की होड़ में रास्ता पर ही अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच दीपेश्वरी सिंह, उप सरपंच राजकुमारी पाल के अगुवाई में थाने में ज्ञापन सौंपा तथा रास्ता खाली कराने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि अभी हाल ही में ग्राम पंचायत कुनकुरी के शांतिपारा में ग्राम पंचायत द्वारा शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा आ. स्व. हरकनाथ मिश्रा को नोटिस थमाया गया था जिसमें पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के आने जाने आम लोगों को रास्ते में आवागमन करने में कठिनाई को देखते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा को कहा गया था इसके बावजूद जबरदस्ती शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने अवैध निर्माण जारी रखा गया जिससे ग्राम पंचायत के ग्रामीण उग्र होकर सरपंच दीपेश्वरी सिंह के अगुवाई में थाने पहुंच शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा गया है।



इस संबंध में सरपंच दीपेश्वरी सिंह ने बताया कि बार बार मना करने के बाद भी अतिक्रमण किया जा रहा। इस संबंध में तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिया गया लेकिन कोई करवाई नहीं की गई है जिससे शंकर मिश्रा द्वारा जबरदस्ती शासकीय भूमि में निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण से रास्ता बंद हो जाएगा साथ बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी प्रभावित होगा अभी थाने में ज्ञापन सौंपा गया है इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा

### हर घर तिरंगा, अभियान का शुभारंभ

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव अंतर्गत स्वच्छता के संग अभियान का प्रथम दिवस आज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में उत्साह पूर्वक मनाया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता वॉक का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पंच, जनप्रतिनिधि, स्वेच्छाग्रही दीदियां एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस श्रमदान में सार्वजनिक स्थलों, सड़क मार्गों एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

# आदिवासी दिवस व रक्षा बंधन को लेकर विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माउंट लिट्रा स्कूल में आज विश्व आदिवासी दिवस व रक्षाबंधन" के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व श्रीमती प्रियंका चौबे रही। साथ ही विद्यालय के निर्देशक प्रतीक दीक्षित सर की उपस्थिति कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

मुख्य अतिथि महापौर का परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके सामाजिक योगदान और प्रेरणादायक कार्यों को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन के महत्व पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के स्थानीय आदिवासी समुदाय के विषय में जानकारी दी तथा उनकी विशेषताओं से अवगत कराया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सदैव प्रयासरत रहेंगे कि बच्चों को उनकी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखें। समारोह को सफल बनाने में प्रभारी श्रीमती संध्या एक्का , अर्चना कुजुर, निधि टोप्पो , रवि शर्मा, जय किशन व सभी शिक्षकों सक्रिय रहे।



## स्वच्छ, हरित और एकजुट जशपुर का प्रतीक बनकर सामने आ रहा

# स्वच्छ भारत मिशन और हर घर तिरंगा अभियान का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देशभक्ति और स्वच्छता का अद्भुत संगम जशपुर जिले में देखने को मिल रहा है। ज़िला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन को हर घर तिरंगा अभियान 2025 के साथ जोड़ते हुए एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है, साथ ही स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है।

■ स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा

कलेक्टर रोहित व्यास से अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि रस्वच्छ वातावरण हमारे राष्ट्र के गर्व को दर्शाता है, जैसे तिरंगा हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस अवसर पर नगरपालिकाओं, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, अधिकारी कर्मचारियों और नागरिकों से घर-घर जाकर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लिया। अभियान के तहत कचरे का अलग-अलग प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र और सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ज़िला न केवल राष्ट्रीय भावना का उत्सव मना सके, बल्कि स्थायी स्वच्छता के संकल्प को भी मज़बूत कर सके। हर घर तिरंगा अभियान का समापन 15 अगस्त 2025 को होगा, जब हर घर, कार्यालय और सार्वजनिक भवन पर तिरंगा लहराएगा—एक स्वच्छ, हरित और एकजुट जशपुर का प्रतीक बनकर।


साफ–सफाई अभियान में जुटी स्वच्छता दीदी।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में कार्यशाला सम्पन्न भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान आगामी 10 अगस्त से आरंभ होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़ कर शहर से लेकर गांव तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे और घर घर तिरंगा लगाने लोगों को प्रेरित करेंगे। प्रत्येक बूथ में 50 घरों में तिरंगा लगाने का लक्ष्य भाजपा ने निर्धारित किया है।

### सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक से मारपीट, काम ठप

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ सहकारी बैंक में पदस्थ शाखा प्रबंधक से मारपीट की गई। प्रबंधक के कक्ष में घुसकर ग्राहक ने पिटाई कर दी। इस घटना के बाद आक्रोशित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संघ के कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान दोपहर 1 बजे तक संभाग के सभी सहकारी बैंक बंद रहे। दोपहर में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जिसके बाद कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौटे। बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम हर्राटिकरा निवासी 56 वर्षीय विजय यादव आ. स्व. दुबराज यादव जिला सहकारी बैंक के शंकरगढ़ शाखा में प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। विजय यादव 7 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे कार्यालय में बैठकर काम कर रहे थे।

# शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रेम प्रसंग में शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के गंभीर मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह मामला चौकी कोल्हेनझरिया क्षेत्रांतर्गत का है, जिसमें पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376 भा.दं.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

■ कोल्हेनझरिया क्षेत्र का मामला, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर भेजा जेल

3 साल पहले शुरू हुआ था संबंध

पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी संकेत साय (22 वर्ष) अपने रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच जान-पहचान हुई और बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। 28 जुलाई 2021 को आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह उससे प्रेम करता है और शादी करेगा,इस भरोसे में लेकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

लाइफ Style



## ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल हुए हिमेश रेशमिया

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और सिंगर हिमेश रेशमिया ने ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर पहली बार भारतीय कलाकार के रूप में इतिहास रच दिया है। यह भारतीय संगीत के लिए गर्व का पल है। इस लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे जैसे कई बड़े पॉप स्टार्स का नाम शामिल है। हिमेश का यह मुकाम उनकी 20 साल से ज्यादा की मेहनत और लोकप्रियता का सबूत है। उनके गाने आज भी दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, एड शीरन और लेडी गागा जैसे सितारों के साथ उनका नाम भारतीय पॉप संस्कृति की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है। ब्लूमबर्ग की इस रैंकिंग के लिए 1.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। दुनिया भर के प्रशंसकों ने वीवर्स प्लेटफॉर्म पर वोट देकर चुना कि कौन इस सूची में रहेगा।

## प्रीति
## किसी को भी डरने की जरूरत नहीं

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' आखिर शुक्रवार 8 अगस्त को रिलीज हो रही है। कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी यह फिल्म शुरुआत से विवादों में है। अब जब सिनेमाघरों में पहुंच रही है तो इसकी अदाकारा प्रीति झंगियानी ने प्रतिक्रिया दी है। कई बाधाओं का सामना करने के बाद फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' को आखिरकार हरी झंडी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रिलीज से गुरुवार रात मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में विजय राज, प्रीति झंगियानी, कमलेश सावंत और मुश्ताक खान जैसे सितारे हैं। स्क्रीनिंग में शामिल हुईं प्रीति झंगियानी ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। किसी को भी सच बोलने से डरना नहीं चाहिए। मेरा मानना है कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है। इसमें इंसानी स्वभाव और हकीकत को दिखाया गया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किसी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। फिल्म देखें और फिर कोई राय बनाएं'। यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। साल 2022 में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद उनकी दुकान में उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। इस फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है। उदयपुर फाइल्स' को दर्शक दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म को देखकर दर्शक भावुक हो गए।




हॉलीवुड मसाला



## रॉबर्ट बेंटन ने अमेरिकी सेना में दी थी सेवा

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने क्रेमर वर्सेज क्रेमर और प्लेसेस इन द हार्ट जैसी फिल्मों के लिए लेखक-निर्देशक रूप में काम किया। रॉबर्ट बेंटन ने टेक्सास विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। इसके बाद वह 1954 से 1956 तक अमेरिकी सेना में रहें। बेंटन ने ग्लोरिया स्टीनम को डेट किया, जो उस समय हास्य पत्रिका हेल्प में कर्मचारी थीं। इसके बाद उन्होंने 1964 में कलाकार सैली रेंडिग्स से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा है। निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने अपने कॅरियर में शानदार काम किया। उन्होंने छह ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। छह में से तीन बार उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसमें क्रेमर वर्सेज क्रेमर लिखने और निर्देशित करने के लिए और प्लेसेस इन द हार्ट लिखने के लिए प्राप्त किया।



## ब्रैड पिट ने पहली फिल्म में की थी गलती, हुआ था शर्मिंदा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को अपनी पहली ही फिल्म के सेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एक्टर ने फिल्म के सेट पर हुए एक वाकये को याद किया। पिट ने बताया कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। साल 1987 में आई फिल्म नो मैन्स लैंड में उन्होंने वेटर की भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्हें बिना क्रेडिट के काम करना था। एक्टर ने बताया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का कार्ड पाने की कोशिश में उन्होंने सीन के दौरान अचानक एक डायलॉग बोल दिया, जिससे सेट पर हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया, 'एक रेस्ट्रॉन्ट का सीन था, जिसमें चार्ली शीन और डीबी, स्वीनी लीड रोल में थे। मैं वेटर था और मुझे सिर्फ शैंपेन लाकर डालना था। मुझे बताया गया कि बोतल को कैसे पकड़ना, खोलना और पोंछना है। लेकिन, मौके का फायदा उठाते हुए मैंने एक्ट्रेस के लिए शैंपेन डालते समय पूछ लिया- क्या आप कुछ और लेना चाहेंगी? ये सुनते ही डायरेक्टर चिल्लाए कट! कट! कट।' ब्रैड पिट ने हंसते हुए कहा, 'पहला असिस्टेंट डायरेक्टर दौड़कर आया और बोला- तुमने फिर से ऐसा किया, तुम बाहर हो जाओ! उस रात मैं बहुत शर्मिंदा हुआ।'



## पति को छपरी कहे जाने पर भड़कीं स्वरा

**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी मुखर हैं। वह अक्सर अपने बेबाक लहजे के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने उस व्यक्ति को खरी-खोटी सुना दी, जिन्होंने एक्स पर उनके पति फहाद अहमद को मजाक में छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कहा। अभिनेत्री फहाद के साथ रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में दिखाई दी थीं। स्वरा भास्कर ने एक्स पर यूजर की प्रोफाइल को हाइलाइट करने के लिए दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। इस पोस्ट में लिखा था 'परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टॉक शो में ले जाते देखकर, स्वरा ने भी ऐसा ही करने का सोचा। वह अपने डोंगरी के छपरी पति को एक रियलिटी शो में ले गईं। पीआर तो छोड़िए, उनके पति डोंगरी के किसी रेहड़ी वाले जैसे लग रहे थे।' जवाब में, स्वरा ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'खुद को गौरवान्वित हिंदू और अंबेडकरवादी बताने वाला यह मूर्ख शायद यह नहीं जानता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है।



## निशानची में निभाएंगे दोहरी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है। निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है। टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि 'बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए?'

टीवी मसाला



## पहले हफ्ते में ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' बना नंबर वन सीरियल

**नई दिल्ली।** 30वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले हफ्ते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से 25 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी की। दर्शकों ने पहले ही हफ्ते में स्मृति ईरानी के इस सीरियल का इतना प्यार दिया कि यह टीआरपी चार्ट में टॉप पर जगह बनाने में कामयाब हो गया। 25 साल बाद भी इस सीरियल का जादू महिला दर्शकों पर बरकरार है। 30वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट में दूसरे नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा है। इसकी टीआरपी भी 2.3 है। लेकिन, इस सीरियल के लिए अब मुश्किलें बढ़ चुकी हैं। दरअसल अनुपमा पिछले कुछ साल से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बन रहता था। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को तीसरा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, दो कॉमेडी सीरियल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शो लाफ्टर शेफ को लिस्ट में चौथा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा को पांचवां स्थान मिला है, इसको 1.9 की टीआरपी मिली है।

## मरने के बाद सजना-संवरना चाहते थे उल्टा चश्मा के नट्टू काका!

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया ने नट्टू काका उर्फ घनश्याम नायक के बारे में कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि नट्टू काका की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद भी उनका मेकअप किया जाए, जिसे उनके परिवार ने अंतिम संस्कार के समय पूरा किया। पता चलने के बारे में बात की। 3 अक्टूबर, 2021 को कैंसर से इस दिग्गज अभिनेता के निधन की खबर सुनकर कलाकार और क्रू सदमे में आ गए थे। उस समय डेंगू से उबर रहे तन्मय वेकारिया ने कहा, यह खबर सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। घनश्याम नायक की अंतिम इच्छा ने कई लोगों को प्रभावित किया। नट्टू काका अपने व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मरने के बाद भी सजते-संवरते रहने की इच्छा जताई थी। बागा उर्फ तन्मय वेकारिया ने आगे बताया कि कैसे घनश्याम नायक के परिवार ने उनके अंतिम संस्कार के समय इस दिग्गज अभिनेता की अंतिम इच्छा पूरी की।



## भीगी साड़ी गाने में दिखी जान्हवी-सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री



**मुंबई।** जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का आइकॉनिक रेन सीक्वेंस सॉन्ग 'भीगी साड़ी' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में जान्हवी और सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद आ रही है। 'भीगी साड़ी' से अदनान सामी की बॉलीवुड संगीत में वापसी हो रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल की आवाज और अदनान सामी की संगीत में वापसी है। सचिन-जिगर ने संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं। यह गाना बॉलीवुड के क्लासिक बारिश वाले सीन की याद दिलाता है, जिसमें जान्हवी सफेद साड़ी और सिद्धार्थ सूती कमीज में नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और डांस इस गाने को खास बनाते हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का गाना 'भीगी साड़ी' शेयर किया और कैप्शन में लि खा , 'अदनान सामी के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। प्यार और जुनून से भरपूर, अदनान सामी की आवाज में पेश है। परमसुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।

## केरल में रजनीकांत की कुली के लिए दीवाने हैं लोग, ऑफलाइन टिकट लेने लगी भीड़



**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर लोगों में बहुत क्रेज हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसे लेकर क्रेज लोगों में देखने वाला है। कुली में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन, नागार्जुन अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। साथ ही आमिर खान का चौंका देने वाला कैमियो है। विदेशों में तो कुली की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है और केरल में भी ये शुरू हो गई है। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सेल भी जबरदस्त हो रही है। लोग ऑफलाइन फिल्म की टिकट लेने के लिए थिएटर में भीड़ लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस कुली की ऑफलाइन टिकट लेने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। जैसे ही ऑफलाइन बुकिंग ऑन होती है तो लोग थिएटर के अंदर टिकट लेने के लिए भागते हुए लेने आ रहे हैं। इसे देखकर लग रहा है कि लोग पहले दिन ही फिल्म को देख लेना चाहते हैं। लार्ज कैपिसिटी स्क्रीन वाली शोज हाउसफुल हो गए हैं और ऑफलाइन बिक्री में तेजी आ रही है। अभी तमिलनाडु और तेलुगु स्टेट में बुकिंग ओपन नहीं हुई है। वहां पर तो इससे भी ज्यादा देखने को मिलेगा। कुली की बात करें तो लंबे समय के बाद रजनीकांत का एक हटकर अंदाज देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर के बाद से ही रजनीकांत की खूब तारीफ हो रही है। अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार नहीं हो रहा है। कुली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।

### वॉर 2 से होगा क्लैश

रजनीकांत की कुली का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 से होने वाला है। वॉर 2 को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा दोनों में से कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार पाती है।

### रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का है प्रतीक

## भाई-बहन के रिश्ते पर बनीं ये फिल्में देखकर छलक जाएंगी आंखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज रक्षाबंधन का त्योहार है। पूरे देश में ये त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये भाई और बहन का त्योहार है, जिसमें भाई को बहन रक्षा सूत्र बांधती है। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को वचन देते हैं। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है। यह दिन हमें उस प्यार, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव की याद दिलाता है जो भाई और बहन के बीच होता है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बन चुकी हैं। इन सभी फिल्मों में रक्षाबंधन पर गाने भी थे जो आज भी रक्षाबंधन पर बजाए जाते हैं। भाई-बहन के इस प्यार को फिल्मी पर्दे पर बड़ी शिद्दत से दिखाया जाता है। कोई भाई या बहन फिल्म देखे तो उसके आंखों से आंसू निकलना तो पक्का है। क्योंकि, उन फिल्मों की कहानी है ही इतनी इमोशनल।




### सिकंदर

राखी के त्योहार को फिल्मों में दिखाने की शुरुआत 1941 में आई फिल्म सिकंदर से हुई थी। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने सिकंदर की भूमिका निभाई थी। महबूब खान की फिल्म हुमायूं में भी इस त्यौहार को दिखाया गया था। हुमायूं में अशोक कुमार ने हुमायूं और वीना ने कर्णावती की भूमिका निभाई थी। इसके बाद तो फिल्मों में राखी का त्योहार दिखाने का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक कायम है। कहा जाता है राखी की शुरुआत भी हुमायूं और कर्णावती के प्यार के बाद हुई थी।

### रेशम की डोरी

आत्माराम के निर्देशन में बनी 1974 में आई फिल्म रेशम की डोरी में भाई-बहन के बीच प्यार को बखूबी दिखाया गया। इस फिल्म में धर्मेंद्र और उनकी बहन के प्यार ने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए और इस फिल्म का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है..' आज भी बड़ी शिद्दत से सुना जाता है।

### सरबजीत

2016 में आई ये फिल्म भी आप रक्षाबंधन में देख सकते हैं। ये फिल्म भी एक बहन की कहानी पर बनी है, जो अपने भाई को पाकिस्तान के जेल से वापस लाने की लड़ाई लड़ती है। इसे आप ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी देख सकते हैं।

### जिगरा

ये फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म में भाई और बहन के रिश्ते पर आधारित है। एक बहन अपने भाई को किस तरह से रक्षा करती है, इसमें देखने लायक है। आलिया के साथ इसमें वेदांग रैना भी हैं।



### हम साथ-साथ हैं

रिश्तों को बखूबी बयां करती फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' आज भी दर्शकों को खूब पसंद आती है। इस फिल्म में नीलम और उसके तीन भाइयों सलमान, सैफ और मोहनीश बहल के प्रेम को दर्शकों ने बेहद प्यार किया।

**जोशः** समय बदला तो भाई-बहन के प्यार का अंदाज भी बदला। अब फिल्मों में आधुनिकता आने लगी। जोश फिल्म में शाहरुख खान-ऐश्वर्या राय भाई-बहन के रोल में थे। फिल्म में शाहरुख अपनी बहन के प्यार के लिए विलेन बनते नजर आए।

**फिजा** : साल 2000 में आई फिल्म फिजा में ऋतिक और करिश्मा भाई बहन के किरदार में नजर आए। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे दंगों के बीच फिजा का भाई अमान गायब हो जाता है। फिजा अपने भाई की तलाश सालों तक करती है और आखिर में एक बहन का प्यार जीतता है और फिजा अमान को खोज लेती है।

## खबर संक्षेप

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 25 तक आवेदन

**रायगढ़।** जिले में समावेशी शिक्षा के तहत वार्षिक कार्य योजना में स्वीकृत स्पीच थैरेपिस्ट हेल्पर आया एवं स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक अपना आवेदन 25 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पात्रता शर्तें जिला रायगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध हैं जिसका आवेदक अवलोकन कर सकते हैं।

### सर्वेक्षण के लिए अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कांटाझरिया के आश्रित पारा मोहल्ला सिंघनपुर के संपूर्ण क्षेत्र में भू सर्वेक्षण कार्य की समस्त प्रक्रियाओं के संचालन एवं निष्पादन के लिए अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख शाखा रायगढ़ को आगामी आदेश तक जिला सर्वेक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नियुक्त अधिकारी संबंधित क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा सीएस 2 घघ समस्त देशी कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट एवं समस्त विदेशी प्रीमियम मदिरा एफएल 1 घघ समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा एफएल 1 घघ कम्पोजिट दुकानों देशी मदिरा भंडारण भंडागार समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति एफएल.3 शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति एफएल 3 क एवं समस्त देशी देशी कम्पोजिट अहाता समस्त विदेशी विदेशी कम्पोजिट अहाता को बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है।

### जिले में 806.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 806.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 878 मिली मीटर पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 836.6, तमनार में 563.5, लैलूंगा में 744.3, मुकडेगा में 1018.5, धरमजयगढ़ में 747.8, छाल में 734.2 एवं कापू में 1027.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प 11 को

**रायगढ़।** योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 11 अगस्त को प्रातः 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान एमएसपी जामगांव बजरंग मोटर्स प्राण्लिमिटेड एवं शांकम्भरी स्टील प्राण्लिमिटेड रायगढ़ में रिक्त अप्रेन्टिस पदों पर भर्ती की जाएगी।

## जिले में पैरेंट टीचर मीटिंग का सफल आयोजन

# मेगा पीटीएम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरघोड़ा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोतरा में शासन के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य आरसी नवनीत के नेतृत्व में मेगा पेरेंट टीचर मीटिंग का सफल और भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक, सह पाठ्यक्रमीय और व्यवस्थागत गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिकायत एवं सुझाव बॉक्स के माध्यम से पालकों के बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए गए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके।

सेजेस के नोडल व्याख्याता वीर सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर ही बच्चे का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। हम सबका दायित्व है कि बच्चों को बेहतर भविष्य और सकारात्मक माहौल प्रदान करें। इसी उद्देश्य से विद्यालय निरंतर उनके विकास के लिए सार्थक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने आगे विद्यालय की



महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि छोटे बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम में स्पोकन इंग्लिश क्लासेस शुरू की गई हैं वहीं बड़े बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता और अन्य रचनात्मक गतिविधियां समय समय पर आयोजित की जाती हैं जिससे उनका ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ती है। वरिष्ठ व्याख्याता एस आर गुप्ता ने परीक्षा प्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि पालकों को बच्चों के परीक्षा परिणाम पर विशेष ध्यान देना चाहिए और उनकी प्रगति की जानकारी समय समय पर लेनी चाहिए। एचओडी शांति मिश्रा ने शनिवार की गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं जिनकी झलक हाल ही की गतिविधियों के प्रोजेक्टर प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से पालकों को दिखाई गई।

साथी सभी पालकों को बड़े गर्व के साथ बताया किए विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहा है एक विद्यार्थी का अंडर 19 क्रिकेट में संभाग स्तरीय एवं 6 बच्चों का रग्बी में चयन हुआ। उसका पूरा श्रेय विद्यालय के लिए समर्पित गोल्ड मेडलिस्ट पीटीआई शांतनु राय को जाता है। आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक राजेंद्र कुमार चौहान ने कहा इतने व्यस्त कृषि कार्य और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच भी आज जिस बड़ी संख्या में आप सभी पालक यहां उपस्थित हुए यह निश्चित रूप से आपके बच्चों के उज्वल भविष्य के प्रति आपकी जागरूकता को दर्शाता है। हम आपकी इस भावना को सलाम करते हैं। विद्यालय परिवार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे और हम सब मिलकर उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।



## आत्मानंद घरघोड़ा में मेगा पालक बैठक का आयोजन

घरघोड़ा। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में मेगा पालक बैठक का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पालकगण, अभिभावक और उनके छात्र छात्राएं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन और दूरदर्शी नेतृत्व से माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को नए शिखर पर ले जाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि श्विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही हमारा पहला और अंतिम लक्ष्य है। श्री वर्मा ने पालकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय में प्रत्येक छात्र को न केवल उच्च स्तरीय शिक्षा, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी विशेष वातावरण प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक खंड की प्रधान पाठक श्रीमती सबीना सोनी और हिंदी माध्यम की प्रधान पाठक श्रीमती गीता पटेल ने भी पालकों से संवाद कर विद्यालय की प्रगति में उनके सहयोग को अनिवार्य बताया। बैठक में पालकों ने भी खुलकर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में और मजबूती लाने की दिशा तय हुई। कार्यक्रम के अंत में वर्मा ने सभी उपस्थित पालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह संदेश दिया कि विद्यालय और अभिभावक मिलकर ही बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रख सकते हैं। उनकी सक्रियता और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखकर पालकों ने भी उन्हें सच्चा शिक्षानायक बताया। यह बैठक न केवल संवाद का एक सफल मंच साबित हुई बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नए उत्साह और उम्मीद की शुरुआत भी बनी।

# कलेक्टर डॉ कन्नौजे आकस्मिक निरीक्षण से रख रहें बच्चों का ध्यान लापरवाह को दे रहे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

बिलाईगढ़ए 8 अगस्त 2025 कलेक्टर डॉ संजय कन्नौज के आकस्मिक निरीक्षण से लापरवाह और समय पर नहीं पहुंचने वाले स्कूल प्राचार्य, प्रधानपाठक, छात्रावास अधीक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और शिक्षक के मन में एक डर का माहौल है कि न जाने कब कलेक्टर आ जाए। वहीं कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे जिले के स्कूल, आश्रम छात्रावास आदि में अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर मुलाकात और आकस्मिक निरीक्षण कर उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और खानपान की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

■ स्कूल शिक्षा का परीक्षा परिणाम में सुधार लाने कलेक्टर की कोशिश

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने बुधवार को गुडेली, गोडम, फरसवानी और हरदी में आयोजित पालक शिक्षक मीटिंग की तैयारी का आकस्मिक अवलोकन किया। इन सभी हाईस्कूलों में पालकों की कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अपने कार्य के प्रति लापरवाह सभी प्राचार्यो को कलेक्टर के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार जीवविज्ञान के व्याख्याता उमा चौहान ने अब तक कोर्स के मुताबिक अध्ययन नहीं कराई है इसलिए उन्हें भी नोटिस जारी किया है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति सजग कलेक्टर

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने गुडेली हाईस्कूल में बच्चों को विश्व जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक और ओम का नियम पूछकर अन्य बच्चों से जांच करने के लिए अवसर दिए। इसी प्रकार वे क्या बनना चाहते हैं क्या रुचि है आदि पूछकर उनसे संवाद कर जानकारी लिए। इसी प्रकार शुक्रवार 8 अगस्त को सुबह 10 बजे कलेक्टर ने शासकीय उच्च प्राथमिक शाला विद्यालय माधोपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे शिक्षक से कैसे अंग्रेजी समझाते हो पूछकर शिक्षक के पढ़ाने के शैली का अवलोकन किया वहीं ब्लैक बोर्ड में लिखे शब्दों को पढ़ाकर कलेक्टर ने बच्चों के ज्ञान को परखा। साथ ही कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन स्वादिष्ट और समय पर मिलता है कि नहीं की जानकारी लेकर उनके खानपान की स्थिति का जायजा लिया।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने भू.अर्जन, अवैध निर्माण पीडीएस अनियमितता, फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी सहित राजस्व से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए।

■ अवैध निर्माण और पीडीएस गड़बड़ी पर कड़ा रुख कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर ने भू अर्जन अधिनियम के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धर्मजयगढ़ अनुविभाग की विभिन्न परियोजनाओं में अवार्ड पारित और राशि वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अवैध निर्माण हुए हैं या हो रहे हैं वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पडऩे पर पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाए और नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

भू अर्जन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और पीडीएस गड़बड़ी पर कड़ा रुख



### ई कोर्ट प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा के दिए निर्देश

बैठक में ई कोर्ट, नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन आदि के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ई कोर्ट प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों में प्राप्त त्रुटि सुधार के आवेदनों का त्वरित निपटारा करने एवं व्यापक प्रचार प्रसार से अधिकतम प्रकरणों के समाधान पर जोर दिया। कलेक्टर ने कोटवारी सेवा भूमि, लैंड बैंक, नजूल रिकॉर्ड, स्वामित्व योजना के प्रथम चरण का स्थल सत्यापन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना मुआवजा तथा आरबीसी 6.4 के मामलों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि भू अर्जन के सभी रिकॉर्ड को विधिवत दुरुस्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में पाई गई खाद्यान्न की कमी की वसूली और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन को किसी भी प्रकार की क्षति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मिशन मोड में पूर्ण करने पर जोर दिया ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में कोई परेशानी न हो। उन्होंने खरीफ सर्वे के लिए सर्वेयर चयन एवं सर्वे प्लान शीघ्र तैयार करने और गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए पटवारियों को फील्ड में भेजकर खसरा एवं फसल का मिलान समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# चेंबर ऑफ़ कॉमर्स खरसिया द्वारा एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ एंड इंडस्ट्रीज इकाई खरसिया के अध्यक्ष सचिव राजेंद्र नूतन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी के आह्वान पर खरसिया नगर में महात्मा गांधी कॉलेज ग्राउंड परिसर में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया के कमल गर्ग, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के उपाध्यक्ष अवध नारायण सोनी बंटी व पार्षद चीनू शर्मा द्वारा पौधारोपण कर की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का वृक्षारोपण का अभियान पूरे प्रदेश में बहुत ही सुंदर वातावरण करने के लिए अच्छा प्रयास है। निश्चित रूप से प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधे अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। विशिष्ट अतिथि अवध नारायण सोनी बंटी नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।



### एनसीसी की स्काउट टीम भी हुई शामिल

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से एनसीसी के स्काउट टीम शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भी चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के इस अभियान में शामिल होकर वातावरण को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

### 15 अगस्त से चेंबर का सदस्यता अभियान प्रारंभ : मुकेश मित्तल

चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में खरसिया नगर में 189 सदस्य हैं। चेंबर द्वारा 15 अगस्त से चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी व्यापारियों नगर के जोड़ने हेतु सार्थक पहल की जाएगी, जिसमें सभी व्यापारियों को चेंबर के सदस्य बनाया जाएगा। खरसिया नगर के सभी व्यापारियों से खरसिया चेंबर इकाई अपील करता है कि अधिक से अधिक चेंबर द्वारा चलाए जा रहे सदस्य अभियान में बढ़ चढ़कर चेंबर के सदस्य बने एवं व्यापारी संगठन को मजबूत करें।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय संविदा शिक्षक भर्ती के लिए 25, 26 और 27 अगस्त को होगा वॉक इन इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शुक्रवार को 36 शिक्षकों के लिए संविदा भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर इस विज्ञापन का अवलोकन किया जा सकता है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस सारंगढ़ में संविदा भर्ती का वॉक इन इंटरव्यू 25 अगस्त 26 अगस्त और 27 अगस्त को लिया जाएगा।

जारी विज्ञापन अनुसार वॉक इन इंटरव्यू के लिए समय सारणी जारी किया गया है इसके अनुसार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आवेदन पत्र जमा और पंजीयन तथा परीक्षण कार्य होगा। निर्धारित समय 11 बजे के बाद आवेदन पंजीयन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। प्रातः 11.30 से दोपहर 12.30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति जमा किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक तक दावा आपत्ति का निराकरण एवं इंटरव्यू के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात इंटरव्यू प्रारंभ किया जाएगा।

### तिथिवार वॉक इन इंटरव्यू

25 अगस्त को व्याख्याता भौतिकी रसायन, जीव विज्ञान सहायक शिक्षक विज्ञान और शिक्षक विज्ञान का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 26 अगस्त को व्याख्याता कला वाणिज्य सहायक शिक्षक कला शिक्षक कला कम्प्यूटर शिक्षक, प्री प्रायमरी शिक्षक का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 27 अगस्त को व्याख्याता अंग्रेजी सहायक शिक्षक गणित अंग्रेजी शिक्षक गणित अंग्रेजी का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा।

# बाढ़ प्रभावितों की मदद में आगे आया अदाणी पॉवर लिमिटेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अदाणी पॉवर लिमिटेडए रायगढ़ ने जिला प्रशासन को आवश्यक जीवन रक्षक सामग्री उपलब्ध कराई है। यह सहयोग कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर इकाई, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से किया गया, जो आपदा की घड़ी में समुदाय के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

■ अदाणी फाउंडेशन के ज़रिए सौंपी गई जीवन रक्षक सामग्री



यह राहत सामग्री पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की उपस्थिति में जिला प्रशासन को औपचारिक रूप से सौंपी गई। इस सामग्री में 30 लाइफ गार्ड जैकेट, 30 लाइफ बॉय रिंग और 30 मीटर लंबी बचाव रस्सी शामिल हैं। ये सभी उपकरण राहत कार्यों को गति देने और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ की ओर से परियोजना प्रमुख तथा सीएसआर के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन को सामग्री सौंपते हुए यह आश्वासन दिया कि कंपनी भविष्य में भी सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

जिला प्रशासन ने अदाणी पॉवर लिमिटेड के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीवन रक्षक सामग्री शीघ्र ही जरूरतमंद क्षेत्रों में भेजी जाएगी, जिससे राहत और बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। प्रशासन ने यह भी कहा कि निजी कंपनियों की इस प्रकार की संवेदनशील और सक्रिय भागीदारी आपदा प्रबंधन में एक सकारात्मक मिसाल पेश करती है।

## प्राथमिक शाला तुर्रीभांठा में पालक, शिक्षक सम्मेलन



**खरसिया।** शासकीय प्राथमिक शाला तुरीभाठा खरसिया में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ के निर्देशानुसार प्रधान पाठक रामकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ।

बैठक में उल्लास साक्षरता के नव साक्षरों को प्रमाण पत्र वितरित कर उल्लास शपथ दिलाई गई। एक पेड़ मां के नाम, जाति प्रमाण पत्र, नवीन पाठ्य पुस्तकों की जानकारी, शाला विकास योजना पर विचार व शैक्षणिक गुणवत्ता पर आवश्यक चर्चा की गई। इस बैठक में कुल 21 विप्रवरो ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दी। शाला परिवार की ओर से सभी को स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम का समापन स्कूल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम केवंट द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

